**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 06.01.2026**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 48 घण्टे के अन्दर हत्या की घटना का सफल अनावरण कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी ।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 04.01.2026 को कोतवाली जालौन में वादी श्री पवन कुमार पुत्र राज कुमार बरार निवासी ग्राम हरकौती कोतवाली जालौन ने अपनी चाची कमला पत्नी स्व0 मुन्ना लाल निवासी ग्राम हरकौती कोतवाली जालौन उम्र करीब 55 वर्ष की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर देने के सम्बन्ध में प्रार्थन्ना पत्र दिया गया था। जिसके आधार पर तत्काल कोतवाली जालौन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही व फील्ड यूनिट द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही कराई गयी

घटना की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय जालौन द्वारा 03 टीमो का गठन किया गया था। जिसके परिणामस्वरूप 48 घण्टे के अन्दर त्वरित कार्यवाही करते हुए कोतवाली जालौन पुलिस टीम की विवेचना के क्रम मे इलेक्ट्रानिक /भौतिक साक्ष्य संकलन से प्रकाश में आए अभियुक्त छत्रपाल पुत्र रामदास उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम हरकौती कोतवाली जालौन को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशादेही पर एक अदद टीशर्ट रंग सफेद ,एक अदद जीन्स रंग बादामी व धुले हुए काले रंग के सफेद सोल जूते बरामद कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 03.02.2026 की रात्रि मै शराब के नशे मे कमला देवी के घर में उसके अकेले होने का फायदा उठाकर गलत काम करने की नियत से कूद गया था कमला देवी के द्वारा विरोध किये जाने पर मैने आवेश मे आकर गला दबाकर हत्या कर शव को घर के सामने खेत में फेक दिया था।

## नाम पता अभियुक्तः-

1. छत्रपाल पुत्र रामदास उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम हरकौती कोतवाली जालौन।

## बरामदगी का विवरणः-

1.एक अदद टीशर्ट रंग सफेद

2.एक अदद जीन्स रंग बादामी

3.धुले हुए काले रंग सफेद सोल जूते

## पुलिस टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जालौन मय पुलिस टीम।